# आओ मां जगदम्बा | Kuldeep Nirmal "Titu"

**आओ मां जगदम्बा**
**अब तेरे लाल पुकारे**
**आओ मां जगदम्बा**
**अब तेरे लाल पुकारे**
**चलता ये जीवन**
**मइया तेरे ही सहारे**
**चलता ये जीवन**
**मइया तेरे ही सहारे**

मरुधर की आंधी हो
या सागर का तूफ़ान भारी
हम तक पहुँचने से पहले
तु हरती विपदा सारी
फिर क्यों डराते हमको
यूँ ग़म के अंधियारे
चलता ये जीवन
मइया तेरे ही सहारे
चलता ये जीवन
मइया तेरे ही सहारे

आ जाओ मइया आ जाओ
आ जाओ भवानी आ जाओ

बच्चों से क्यों रूठी मइया
कब तक ना बोलोगी
दया दृष्टि के द्वार तुम्हारे
कब तक ना खोलोगी
बोले "टीटू" मइया
तू ही जीवन सवारे
चलता ये जीवन
मइया तेरे ही सहारे
चलता ये जीवन
मइया तेरे ही सहारे

**आओ मां जगदम्बा**
**अब तेरे लाल पुकारे**
**आओ मां जगदम्बा**
**अब तेरे लाल पुकारे**
**चलता ये जीवन**
**मइया तेरे ही सहारे**
**चलता ये जीवन**
**मइया तेरे ही सहारे**

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%86%e0%a4%93-%e0%a4%ae%e0%a4%be%e0%a4%82-%e0%a4%9c%e0%a4%97%e0%a4%a6%e0%a4%ae%e0%a5%8d%e0%a4%ac%e0%a4%be-kuldeep-nirmal-titu/